
हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 जर्जर भवन में संचालित हो रहा उप स्वास्थ्य ...



14 आंधी से 131 फीट ऊंचा बीएसएनएल टावर ढेर





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं. 2

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

## पेट्रोल-डीजल संकट, पंपों में लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में एक बार फिर पेट्रोल–डीजल संकट से आम जनता को दो चार होना पड़ रहा है। जहां पुनः लंबे कतार में लगकर वाहन चालको को ईंधन भरवाते देखने को मिल रहा है।

जिले में कुछ सप्ताह पहले पेट्रोल–डीजल ईंधन संकट को लेकर जिले के लोगो को लंबी कतार में लगकर पेट्रोल–डीजल के लिए भटकते देखा गया था जो स्थिति पुनः निर्मित होते दिख रही है जिसके तहत शुक्रवार को कई पेट्रोल पंपो में पेट्रोल–डीजल नही होने के कारण जिले के कुछ पेट्रोल पंप जहां पेट्रोल–डीजल थे वहां वाहनो की लंबी कतार लगी हुई देखी गई। अब यह स्थिति कब तक सामान्य होती है यह देखने वाली बात होगी। हांलाकि पूर्व में हुए लंबी कतार से लोग सबक लेकर अब पेट्रोल–डीजल को लेकर उतावले नजर नही आ रहे है तथा पेट्रोल–डीजल को लेकर इंतजार करने के साथ बाद में पेट्रोल–डीजल भरवाने को लेकर निि"चंत नजर आ रहे है।

## नियमित वेतन की मांग पर 13 से बेमियादी हड़ताल

**गुण्डरदेही।** नवयुक्त कर्मचारी अधिकारी कल्याण संघ नगरीय निकाय छ.ग. के आव्हान पर 13 जुन से कर्मचारीयों को नियमित रूप से प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन भुगतान संहित 5 सुत्रीय मांगों के लेकर तुता रायपुर में अनिश्चित कालीन हड़ताल के संबंध में निकाय के कर्मचारी हड़ताल में रहेंगें।

जिसके संबंध में प्रांतीय अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर, मिडिया प्रभारी ललीत साहू द्वारा नगर पंचायत गुण्डरदेही में समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें समस्त कर्मचारी द्वारा मांगों के सर्मथन में हड़ताल में रहने का संकल्प लिया गया। उक्त बैठक में निकाय के कर्मचारी सहायक ग्रेड –2 लेखापाल श्रवण कुमार निर्मलकर, कैशियर बिशालराम साहू, सफाई प्रभारी मनीष कुमार मिश्रा, आशीष गौतम एवं निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



### पुलिस ने अंडा और कुथरेल में दी दबिश

# दो अवैध गुटखा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

■ मशीनें, कच्चा माल और पैकेजिंग सामग्री जब्त

दुर्ग जिले के थाना अंडा पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने अवैध गुटखा निर्माण और पैकेजिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध गुटखा निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से भारी मात्रा में गुटखा बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें, कच्चा माल और पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना अंडा क्षेत्र के कुथरेल और अंडा में अवैध रूप से गुटखा निर्माण और पैकिंग का काम किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना अंडा पुलिस और एसीसीयू की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से पाउच पैकिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सुपारी-तंबाकू मिश्रित कच्चा माल, गुटखा पैकिंग रोल, बोरा सिलाई मशीन और बड़ी मात्रा में तैयार गुटखा बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 63/2026 एवं 64/2026 के तहत धारा 318(4), 3(5) बीएनएस और 63 कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।




### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों के रहने वाले बिरेन्द्र तिवारी, सुभाष कुमार गौतम, सुनील कुमार राजपूत, करण राजपूत, राजू मस्ताना, राजकुमार यादव, रमेश कुमार निषाद, सतेन्द्र कुमार यादव, सोनू यादव और बसंत राजपूत शामिल हैं।

### दो लाख से अधिक का सामान बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से गुटखा निर्माण और पैकेजिंग का अवैध कारोबार चला रहे थे। दोनों मामलों में कुल 2 लाख 34 हजार 500 रुपये की मशीनें और अन्य सामग्री जब्त की गई है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों के निर्माण, भंडारण या बिक्री की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## महिलाओं की भागीदारी और भेदभाव विषय पर कई गांवों का किया सर्वेक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के 7 गांवों में महिलाओं की सामाजिक भागीदारी एवं भेदभाव पर अध्ययन सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिलाओं की सामाजिक भागीदारी, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका तथा उनके साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के भेदभाव की स्थिति को समझने के उद्देश्य से 05 जून से 11 जून तक बालोद जिले के विभिन्न विकासखंडों के चयनित गांवों में अध्ययन एवं सर्वेक्षण कार्य संपन्न किया गया।

यह अध्ययन महाराष्ट्र की सर्वेक्षण टीम द्वारा चैतन्य संस्था के समन्वय बालोद एवं एनआरएलएम के सहयोग से किया गया। अध्ययन के अंतर्गत निम्नलिखित गांवों का चयन किया गया। ग्राम जुंगेरा, विकासखंड बालोद, ग्राम मरकाटोला, विकासखंड डौंडी, ग्राम कमकापार, विकासखंड डौंडीलोहारा, ग्राम खैरा, विकासखंड डौंडीलोहारा, ग्राम देवरी (क), विकासखंड गुंडरदेही, ग्राम अरमरीकला, विकासखंड गुरूर, ग्राम चिटौद में संपन्न हुआ।

सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक चयनित गांव में 36 महिलाओं एवं 12 पुरुषों से समूह चर्चा, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं सहभागी गतिविधियों के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गई। अध्ययन में महिलाओं की सामाजिक भागीदारी, निर्णय ▶▶| शेष पेज 13 पर

### खबर संक्षेप

#### वृक्षों की अवैध कटाई पर वन अमला सजग

**बालोद।** बालोद वनमण्डल क्षेत्र में वृक्षों की अवैध कटाई एवं परिवहन को लेकर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सजग एवं मुस्तैद है। वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जिले में वन परिक्षेत्र डौंडी के अंतर्गत सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, परिसर रक्षक, चैकीदार और वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों द्वारा पूरे क्षेत्र में लगातार सघन गश्त और गहन निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बम्हनी एवं कोपेडेरा क्षेत्र में तहसीलदार देवेन्द्र नेताम और वन विभाग के अमले द्वारा विभिन्न क्षेत्रें का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम बम्हनी में वृक्षों की अवैध कटाई और परिवहन किए जा रहे लकड़ी को जप्त कर लिया गया है। इसी तरह ग्राम कोपेडरा में काटे गए लकड़ी की ढेर की जानकारी मिलने पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

#### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंधित

**बालोद।** जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को –ष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02, के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रेतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं हैं, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक मत्स्योखट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) अधिनियम, 2025 के अनुसूची 4 अनुसार, छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1948 की धारा 05 के तहत 25 हजार रूपये तक की शास्ति से दंडित किये जाने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रेत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं हैं, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

#### वैशाली नगर में 5.25 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

भिलाई। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से मुख्यमंत्री नगरीय स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम क्षेत्र में विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 25 लाख 47 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

## हल्दी एवं अदरक की खेती के लिए किसान करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उद्यानिकी विभाग के राज्यपोषित मौसम खरीफ वर्ष 2026–27 अतर्गत बालोद जिले में मसाला क्षेत्र विस्तार में हल्दी एवं अदरक उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि ''पहले आओ, पहले पाओ के'' तहत जिले में रकबा 50 हेक्टेयर हल्दी एवं 33 हेक्टेयर अदरक हेतु कृषक अपने स्थानीय उद्यानिकी शासकीय उद्यान रोपणी में संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

इस संबंध में अधिक जानकारी उद्यानिकी तकनीकी सहायक मनीष कुमार निषाद के मोबाईल नंबर 9770644287 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि प्रमाणित, आधार बीज जिसमें हल्दी बीज प्रति हेक्टेयेर 25 क्विंटल एवं अदरक बीज प्रति हेक्टेयर 15 क्विंटल लगाकर फसल हल्दी में 47 हजार रूपये अनुदान एवं फसल अदरक में 49 हजार 800 रूपये का अनुदान प्राप्त कर सकेगें। उन्होंने बताया कि डौण्डी विकासखण्ड के किसान विजय निकोसे के मोबाईल नंबर 6265269639, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के किसान अनिल साहू के मोबाईल नंबर 7415793724, गुण्डरदेही विकासखण्ड के किसान मुकेश कुमार वासनिक के मोबाईल नंबर 9926171139, बालोद विकासखण्ड के किसान गणेश शंकर के मोबाईल नंबर 9098787674 एवं गुरूर विकासखण्ड के किसान अखिलेन्द्र जगबेहड़ा के मोबाईल नंबर 7000540576 से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## नेता प्रतिपक्ष डा. महंत का कांग्रेसियों ने किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

अर्जुन्दा नगर के जैन स्थानक भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डां चरणदास महंत का विधायक कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व मे कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। स्वागत सम्मान पश्चात विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि महंत के लंबे राजनीतिक जीवन के अनुभव का लाभ हम सबको मिलते रहा है। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में संसदीय ज्ञान, निष्ठा एवं ईमानदारी से समाज सेवा के लिए सदैव प्रेरित किए है।

इसी प्रकार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ लोगों की आवाज को मजबूती से सदन के पटल पर रखते है। डां महंत ने कांग्रेसजनों से आत्मीय संवाद किया, जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के उत्साह व ▶▶| शेष पेज 13 पर

## कलेक्टोरेट परिसर में लोकहित पर नागरिक सुरक्षा संहिता प्रभावशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलेक्टर उमेश मिश्रा ने आदेश किया पारित

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा ने कानून व शांति व्यवस्था, लोकहित एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद एवं उसके 500 मीटर के दायरे में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आवश्यक आदेश पारित किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि ज्ञापन देने आने वाले लोग 20 से 25 या इससे भी ज्यादा संख्या में जिला कार्यालय परिसर में प्रवेश कर शोर शराबा करने से कार्यालय की शांति व्यवस्था भंग होती है। इस कारण न केवल संयुक्त जिला कार्यालय के शासकीय कार्योंर् में बाधा पहुँचती है बल्कि एक अस्वस्थ माहौल निर्मित होता है और कई बार कानून–व्यवस्था की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। उक्त स्थिति के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा कानून व शांति व्यवस्था, लोकहित एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये उक्त आदेश पारित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा पारित किए गए आदेश के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर जिला बालोद एवं उसके 500 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा सभा, रैली, जुलूस प्रदर्शन, धरना, हड़ताल किया जाना प्रतिबंधित होगा अथवा एक समय में किसी स्थान पर 04 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं हो सकेंगे। इसके साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति (अनुज्ञप्तिधारी सहित) किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र–शस्त्र, धारदार घातक हथियार आदि को लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परंपरा अनुसार रखे जाने वाले —पाण आदि पर यह कण्डिका प्रभावशील नहीं होगी। किसी भी प्रकार से सभा रैली, जुलूस, धरना प्रदर्शन, हड़ताल आदि करने से पहले अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा। क्षेत्रतर्गत सभाओं, रैली, जुलूस, धरना प्रदर्शन हड़ताल आदि के दौरान शासकीय एवं निजी सम्पतियों को नुकसान पहुँचाना, पुतला दहन तोड़फोड़ एवं टायर आदि जलाकर मार्ग अवरूद्ध कर यातायात बाधित करना तथा आम नागरिक में दहशत फैलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघों तथा आम जनता जो सभा, ▶▶| शेष पेज 13 पर

### राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया

## मोदी सरकार की कामयाबी पर 18 से 20 तक वृहद पंजीकरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक अनुविभाग स्तर पर 18 से 20 जून तक 03 दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इन शिविरों में विभिन्न विभागों में संचालित आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं का पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को अनुविभाग स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर मिश्रा ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को शिविरों में मुख्य रूप से केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए नए पंजीयन, त्रुटि सुधार, समस्याओं का त्वरित निराकरण से संबंधित कार्योंर् को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बालोद जिले में आयोजित 03 दिवसीय शिविरों के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक अनुविभागों के लिए संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रें के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्रें के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर आयोजन के पूर्व ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें में मुनादी एवं कोटवारों के माध्यम से आम नागरिकों को सूचना प्रदान करने के अलावा स्थानीय समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि अधिक से अधिक नागरिकों को शिविर का लाभ प्राप्त हो सके। इस शिविर में विभिन्न विभागों में संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि का पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को इस संबंध में उनके द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी भी उनके कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## भालूकोन्हा के खिलाड़ियों को 180 कबड्डी मैट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 180 नग कबड्डी मैट को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा तथा अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भालूकोन्हा के कबड्डी खिलाड़ियों को प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भालूकोन्हा के कबड्डी खिलाड़ियों के लिए 180 नग कबड्डी मैट की स्वी—ति प्रदान की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने भालूकोन्हा के कबड्डी खिलाड़ियों का अपने माटी के खेल कबड्डी के प्रति अपार स्नेह तथा उनके खेल प्रतिभा की भूरी–भूरी सराहना की।

इस दौरान कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी द्वारा कबड्डी मैट को खिलाड़ियों के गृह ग्राम भालूकोन्हा तक सुरक्षित पहुँचाने हेतु कबड्डी मैट ले जा रही वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। इस मौके पर कबड्डी खिलाड़ियों के अलाव अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

यातायात सुधार एवं सड़क दुर्घनाओं की रोकथाम को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

# सिक्स-लेन सड़क पर पुरई बोगदा की बढ़ेगी ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ट पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए।

बैठक के प्रारंभ में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें अधिकारियों ने कार्य पूर्ण होने, अद्यतन प्रगति एवं की गयी विभागीय कार्यवाहियों की जानकारी दी। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। कलेक्टर सिंह ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार अधिकारियों को सौंपे गए विभागीय कार्य, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाईट लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, लोक निर्माण विभाग को दुर्घटनाजन्य स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा भिलाई इस्पता संयंत्र वाहनों के लिए भारतमाला सड़क से जोड़ने, भारतमाला सड़क पर पुरई के पास बोगदा की हाइट बढ़ाने, भिलाई में केनाल रोड निर्माण तथा बारिश के पूर्व सभी अण्डरब्रिजों की सफाई एवं आवश्यक मरम्मत पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभागार में सुनी लोगों की समस्याएं

# न्यू आदर्श नगर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



न्यू आदर्श नगर में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत सामने आई है। इसे लेकर जनदर्शन में शिकायत की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 124 आवेदन प्राप्त हुए। खुर्सीपार क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि देवार मोहल्ला क्षेत्र में लंबे समय से चिट्टा, गांजा, शराब और कबाड़ जैसे अवैध कारोबार संचालित किए जा रहे हैं। इसी प्रकार वार्ड 53 न्यू आदर्श नगर, महाराजा चौक से बोरसी रोड क्षेत्र के रहवासियों ने होटल द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और मुख्य मार्ग को बाधित किए जाने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि होटल के सामने वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क पर पानी डालने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस पर कलेक्टर ने दुर्ग आयुक्त को निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। चरोदा स्थित मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी द्वारा भीषण गर्मी के दौरान शासन के निर्देशों के विपरीत स्कूल संचालित किए जाने की शिकायत की। आवेदक ने बताया कि बच्चों को सुबह से दोपहर तक स्कूल बुलाकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा में घर बैठे नहीं चलेगी राजनीति

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन तथा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से बोरी लिटिया भाजपा मंडल की मासिक आत्मनिर्भर बैठक तुमाखुर्द में हुई। बैठक में मुख्य वक्ता जिला मंत्री गिरीश साहू थे। अनुशासन की परंपरा के अनुरूप मंडल महामंत्री सूरज देशमुख ने सुमधुर संगठन गीत का सामूहिक गान कराया गया, जिसने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं में राष्ट्रभक्ति, समर्पण और कर्तव्यपरायणता के भाव का संचार किया। गिरीश साहू ने कहा कि अब घर बैठे राजनीति नहीं होगी। प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के प्रत्येक पदाधिकारी को जनता के बीच जाना होगा। सघन जनसंपर्क करना अनिवार्य है। बैठक में मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, सूरज देशमुख, नीलांबर साहू, अरविंद पटेल, गौरव मढ़रिया, सीताराम पटेल, रामभक्त पटेल, राजेश पटेल, हेमलाल निषाद, सुरेश उमरे सहित अन्य मौजूद थे।

### अंतर्जातीय विवाह करने वाले 65 दंपत्तियों को मिले 1.62 करोड़ रुपए

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छुआछूत निवारणार्थ संचालित अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के कुल 65 दंपत्तियों के लिए 1.62 करोड़ की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र दंपत्ति को कुल 2.50 लाख की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस राशि में से 1 लाख सीधे हितग्राही के खाते में हस्तांतरित कर दिए जाते हैं, जबकि शेष 1.50 लाख की राशि को तीन वर्ष के लिए संयुक्त सावधि जमा (फिक्स डिपोजिट) के रूप में सुरक्षित रखा जाता है। दंपत्ति के तीन वर्ष का सफल वैवाहिक जीवन पूर्ण करने के उपरांत इस शेष राशि का भुगतान भी उन्हें कर दिया जाता है।

### बूथ सशक्तीकरण को लेकर भाजपा की मुहिम

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा के पदाधिकारियों की मासिक संगठनात्मक समीक्षा बैठक कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सेन, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक में मंडलों की संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा विभिन्न अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंडल प्रभारियों से उनके क्षेत्रों में चल रहे संगठनात्मक कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी ताकत कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन एवं जनसंपर्क में निहित है। बैठक में मनोज सोनी, सरिता मिश्रा, हर्षा चंद्राकर, अशोक राठी, राजीव पांडेय, मंत्री गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, नवीन पवार, नीलेश अग्रवाल, नीतेश साहू, अरूण सिंह, रजा खोखर, रितेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

सामान्य सभा में भाजपा समर्थित जिपं सदस्य जितेंद्र यादव ने अफसरों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

# विधायकों की मौजूदगी में सीएम के कार्यक्रम को लेकर बवाल आरईएस के ईई ने कहा-मुझे सस्पेंड कर दो, लेकिन मैं गलत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की समान्य सभा बैठक में गुरुवार को जमकर बवाल मचा। भाजपा समर्थित सदस्य जितेंद्र यादव ने अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 31 मई को हुए कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के कामों को लोकार्पण और भूमिपूजन में शामिल किए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि जब भूमिपूजन और लोकार्पण हो चुका है, तो फिर उन्हें क्यों शामिल किया गया। इस पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई जितेंद्र मेश्राम ने कहा कि उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर यह निर्णय लिया गया। इसे लेकर जमकर कहासुनी हुई। बात यहां तक पहुंच गई कि जितेंद्र मेश्राम को यह कहना पड़ा कि भले ही मुझे सस्पेंड कर दिया जाए, लेकिन उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। जितेंद्र यादव ने प्रशानिक कामकाज को लेकर कई प्रश्न दागे। उन्होंने नारायणपुर से ट्रांसफर होकर आए सब इंजीनियर अश्वनी द्विवेदी के दुर्ग में अटैचमेंट का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जब उन्हें धमधा में पोस्टिंग दी गई है, तो वे दुर्ग में क्यों अटैच हैं। इसी प्रकार उन्होंने पिछले 5 महीने से जारी नहीं हुए निराश्रित, विधवा सहित पेंशन स्कीम के फंड का मुद्धा उठाया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से नहीं खुलने को लेकर शिकायत की। बैठक में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक में विधायकों ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को आमजन से जुड़े मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए।

बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, खनिज विभाग तथा विकसित भारत ग्राम योजना सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की गई।

### 1427 स्कूलों में आरटीई की 328 सीटें रिक्त, जवाब से असंतुष्ट

सदस्यों ने जिले में संचालित 1427 स्कूलों में आरटीई की 328 सीटें रिक्त होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1427 सीटें आरक्षित हैं, लेकिन अब भी 328 सीटें रिक्त हैं। डीईओ अरविंद मिश्रा ने इसे लेकर जवाब दिया, जिस पर सदस्य असंतुष्ट थे। इसी प्रकार हेल्थ विभाग में पिछले दिनों दीपिका गाड़ा की मौत के मामले में जानकारी चाही। इस पर हेल्थ विभाग ने कलेक्टर से आदेश पर जांच कमेटी गठित होने की जानकारी दी। जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू ने बताया कि मनरेगा में बड़ी गड़बड़ी की जा रही है। फोटो खिंचाकर पैसे निकाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिकायत कई ग्राम पंचायतों से मिल रही है। इस पर तत्काल कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कोई जानकारी नहीं दिए जाने पर नाराजगी भी व्यक्त की।

### विधायक ने उठाया स्कूलों की पुस्तकें, ड्रेस व साइकिल का मुद्दा

ललित चंद्राकर ने कहा कि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें, कॉपियां, ड्रेस एवं साइकिल उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। उन्होंने विद्यालय प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक सामग्री विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने तथा आरटीई के तहत विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। खपरी उप स्वास्थ्य केंद्र के नियमित संचालन एवं चिकित्सकों की उपलब्धता का विषय प्रमुखता से उठाया गया। सदस्य प्रिया साहू ने अंजोरा क्षेत्र में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कचांदूर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज से संबंधित भूमि अनुमति एवं कर संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने की स्थिति एवं उससे संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। गनियारी क्षेत्र में जल संरचना की ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में तांदुला जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संयुक्त रूप से प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र में पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाली विकसित भारत ग्राम योजना के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जितेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि और सदस्य अशोक साहू, प्रिया साहू, आशा विक्की मिश्रा, श्रद्धा साहू, देवेंद्र चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, नोमेन ठाकुर, कल्पना नारद साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# ट्रांसफर शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध कांग्रेस ने आरटीओ दफ्तर के बाहर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

वाहनों की खरीदी-बिक्री और समान्य से रूप में नाम ट्रांसफर के शुल्क में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को आरटीओ दफ्तर के बाहर विरोध दर्ज करया।

बता दें कि शासन ने बड़े वाहनों के ट्रांसफर शुल्क को 1 हजार से बढ़ाकर 2500 और चार पहिया वाहन का शुल्क 600 से बढ़ाकर 1 हजार रुपए कर दिया है। इसके अलावा लगातार ई चालान के नाम कार्रवाई की जा रही है। इसके विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। समस्याओं की निराकरण की मांग की गई। प्रदर्शन के के दौरान सैकड़ो कांग्रेसियों ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में जमकर नारेबाजी की करीब एक घंटा जमीन में बैठकर जमकर नारेबाजी करते रहे उसके बाद परिवहन अधिकारी के आने के बाद उनको ज्ञापन सौंपा गया। मोटरसाइकिल के नए रजिस्ट्रेशन का शुल्क 150 से बढ़ाकर 200, कार के नए रजिस्ट्रेशन का शुल्क 500, पुरानी मोटरसाइकिल के वेरिफिकेशन, मार्किंग शुल्क को 100 से बढ़ाकर 300, पुरानी कार के मार्किंग शुल्क को 500, ट्रक के मार्किंग शुल्क को 1000, पुरानी मोटरसाइकिल के ट्रांसफर शुल्क को भी बढ़ाया गया है। इसका कांग्रेस ने विरोध किया। इस अवसर पर अलताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह ढिकोला, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, मनीष बघेल, आनंद कपूर ताम्रकार, गुरदीप सिंह भाटिया, दुष्यंत देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

- **भारी वाहनों का शुल्क 1 हजार से बढ़ाकर 2500 और चार पहिया वाहनों का 600 से बढ़ाकर 1 हजार रुपए किया गया**

मेयर अल्का ने नारियल फोड़कर शुरू कराया काम

# गया नगर में 2 करोड़ से बनेगी 15 लाख लीटर क्षमता की नई पानी टंकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

गयानगर के रहवासियों को जल्द ही लो-प्रेशर और जल संकट की समस्या से मुक्ति मिलेगी।वार्ड-3 गया नगर स्थित कबड्डी मैदान में नई उच्च स्तरीय पानी टंकी का काम शुरू हुआ। इसका भूमिपूजन महापौर अल्का बाघमार ने किया। निर्माण स्थल पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों ने फटाके फोड़कर एवं पुष्पमालाओं से महापौर का भव्य स्वागत किया। क्षेत्रवासियों ने वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर महापौर एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

महिलाओं ने कहा कि पानी की समस्या से लंबे समय से परेशान रहना पड़ता था, लेकिन अब नई पानी टंकी बनने से बड़ी राहत मिलेगी। बाघमार ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। गया नगर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बनी जलापूर्ति समस्या के स्थायी समाधान के लिए यह महत्वपूर्ण परियोजना शुरू की गई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाएगा। वार्ड-3 एवं 4 में बघेरा पानी टंकी से जलापूर्ति होने के कारण दूरी अधिक होने से लो-प्रेशर की समस्या बनी रहती थी। गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती थी। क्षेत्र की महिलाओं एवं नागरिकों द्वारा लंबे समय से नई पानी टंकी की मांग की जा रही थी। राज्य शासन से लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से 15 लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी एवं फिल्टर प्लांट से टंकी तक राइजिंग लाइन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई। इसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के दौरान किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वित्त विभाग प्रभारी एवं पार्षद नरेंद्र बंजारे, जल कार्य विभाग प्रभारी एवं पार्षद लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, पार्षद मनीष कोठारी, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर सहित अन्य मौजूद थे।

- **20 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा साफ पानी**
- **आसपास के क्षेत्रों में मिलेगी लो-प्रेशर से मुक्ति**

# दुर्ग जिले में धड़ल्ले से हो रहा मुरुम खनन, जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग जिले में अवैध मुरुम खनन का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी खुलेआम तालाबों में तीन से चार चेन माउंटेन मशीन उतारकर मुरुम खोदी जा रही है।

भिलाई आईआईटी मेन गेट के पास गुटेला भाटा में रात दिन अवैध रूप से मुरुम खोदी जा रही है। इसके साथ ही बासिंग में दो अलग अगल जगहों पर चेन माउंटेन से मुरुम का उत्खनन हो रहा है। जब इस बारे में एसडीएम हरबंश सिंह मिरी को फोन लगाकर जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि खनिज विभाग को वो सूचना दे देंगे। कार्रवाई करना उनका काम है। इसके बाद जिला खनिज अधिकारी दीपक मिश्रा को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन काट दिया। वाट्सअप में फोटो वीडियो के साथ जानकारी देने के बाद भी उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। कुटेला भाटा और बासिंग के ग्रामीणों से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पास के पुलिस थाना के अलावा खनिज विभाग में भी शिकायत की गई है, लेकिन खनिज अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# नेहरू नगर में लाखों की चोरी का खुलासा अंतर्राज्यीय गिरोह के छह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



नेहरू नगर पश्चिम स्थित एक सूने मकान में लाखों रुपए की चोरी के मामले में सुपेला पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने, हीरे और चांदी के आभूषण, नगदी रकम, वाहन, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। मामले में चोरी का माल खरीदने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार नेहरू नगर पश्चिम निवासी विनय कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 मई 2026 को वह अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। अगले दिन लौटने पर घर का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला और अलमारी के लॉक भी क्षतिग्रस्त थे। अज्ञात चोर घर से सोना, हीरा, चांदी के आभूषण तथा लगभग 3.40 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए थे। शिकायत पर थाना सुपेला में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर मुख्य आरोपी मेरठ निवासी हारिम और दिल्ली निवासी मोहम्मद नासिर हुसैन सहित उनके सहयोगियों मेरठ यूपी निवासी मोहम्मद कासिम, सलीम, मोहम्मद बिलाल और दिन मोहम्मद की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले सूने मकानों की रेकी करते थे और फिर सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी के आभूषण मेरठ के एक ज्वेलर्स को बेचने तथा चोरी की रकम आपस में बांटने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस टीम ने विभिन्न राज्यों में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया और चोरी का माल बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने एवं हीरे के आभूषण, चांदी के आभूषण, नगदी रकम, जुपिटर और सेल्टोस वाहन, मोबाइल फोन, ताला तोड़ने के औजार सहित अन्य सामग्री जब्त की है। विवेचना के दौरान प्रकरण में अन्य प्रासंगिक धाराएं भी जोड़ी गईं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का आयोजन

# सरकार के 12 वर्ष पूर्ण, सांसद विजय ने किया हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला भिलाई के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में महाराणा प्रताप भवन सेक्टर-7 भिलाई और रुक्खड़ नाथ मंदिर नारधा में हवन-पूजन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सांसद द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप भवन में भगवान हनुमान, भगवान शिव, प्रभु श्रीराम-जानकी, माता पार्वती, भगवान गणेश एवं मां जगदंबा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सांसद विजय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जन कल्याण की नई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह कालखंड केवल सरकार की उपलब्धियां का नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक संकल्प और विश्वास की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा जिला प्रभारी रामजी भारती, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, सहसंयोजक दया सिंह, सीरीश अग्रवाल, रुक्खड़ नाथ मंदिर नारधा के पूजा प्रभारी रविशंकर सिंह सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के दीर्घायु होने की कामना



दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के तहत दुर्ग जिला भाजपा ने विशेष पूजा-अर्चना और मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया। जिला भाजपा कार्यालय के पीछे स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भगवान हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान हनुमान चालीसा एवं आरती का पाठ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की गई। देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए भी प्रार्थना की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किया है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, राजीव पांडेय, शिव चंद्राकर आदि मौजूद थे।

# सीएसवीटीयू में डिप्लोमा माइनिंग व फायर सेफ्टी पाठ्यक्रमों में नहीं होंगे दाखिले

## काउंसलिंग में दोनों कोर्स की जानकारी समय पर नहीं भेजी गई , प्रशासनिक निर्णयों, अधोसंरचना और प्रवेश नीति पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (यू.टी.डी.) में संचालित डिप्लोमा माइनिंग एवं डिप्लोमा फायर सेफ्टी पाठ्यक्रम इस वर्ष तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) की काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सके हैं। इसके कारण डीटीई काउंसलिंग में शामिल विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में इन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अवसर नहीं मिल पाएगा। प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवश्यक जानकारी समय पर प्रेषित नहीं किए जाने के कारण दोनों पाठ्यक्रम काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर रह गए। वहीं पाठ्यक्रमों को लेकर लंबे समय से चल रही प्रशासनिक एवं अधोसंरचनात्मक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं।

### दोनों पाठ्यक्रम एसईसीएल से थी प्रायोजित

सूत्रों के अनुसार इन दोनों पाठ्यक्रमों को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा पूर्णतः प्रायोजित करने की प्रक्रिया भी प्रचलित थी। जिससे विश्वविद्यालय पर वित्तीय भार कम होना था और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिलने की संभावना थी। इसके बावजूद भवन निर्माण में विलंब तथा संचालन हेतु आवश्यक कक्षों के आबंटन में देरी के कारण प्रयोगशालाएं (लैब) समय पर पूर्ण नहीं हो सकीं। इसलिए भी प्रभाव पड़ा।



### दोनों विषयों में प्रवेश भी कम

माइनिंग व सेफ्टी विषयों पर प्रवेश संख्या कम होने को लेकर भी अलग-अलग पक्ष सामने आ रहे हैं। प्रदेश के अन्य शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में जहां विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत कम शुल्क पर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलता है, वहीं सीएसवीटीयू में लगभग 45 हजार रुपये जैसे अधिक शिक्षण शुल्क तथा छात्रावास परिसर की अनुपलब्धता के कारण प्रवेश क्षमता के मुकाबले नामांकन काफी कम रहा। इससे इन पाठ्यक्रमों की व्यवहारिक उपयोगिता और संचालन मॉडल पर भी प्रश्न उठ रहे हैं।

### एआईसीटीई की मान्यता को स्पष्ट करने की जरूरत

एआईसीटीई मान्यता को लेकर भी स्थिति स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय अधिनियम, विनियम, परिनियम एवं अध्यादेशों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए पृथक रूप से एआईसीटीई अथवा यूजीसी मान्यता की आवश्यकता संबंधी प्रावधानों की व्याख्या अलग-अलग स्तर पर की जा रही है। हालांकि देश के बाहर या नियामकीय आवश्यकताओं वाले क्षेत्रों में ऐसी मान्यता का महत्व हो सकता है।

### छत्तीसगढ़ में ये महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में माइनिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र से जुड़े पाठ्यक्रम का कमजोर होना चिंता का विषय माना जा रहा है। राज्य शासन की मंशा रही है कि स्थानीय विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध हो और शिक्षा सेवा का माध्यम बने, केवल व्यवसायिक गतिविधि नहीं।अब आवश्यकता इस बात की है कि विश्वविद्यालय प्रशासन पूरे मामले की समीक्षा करते हुए यह तय करे कि इन पाठ्यक्रमों को किस प्रकार मजबूत किया जाए, अधूरी अधोसंरचना को पूरा किया जाए और विद्यार्थियों के हित में प्रवेश व्यवस्था को पुनः प्रभावी बनाया जाए।

## खबर संक्षेप

### तालाब में मृत मिली सैकड़ों मछलियां

**भिलाई।** कैंप-2 स्थित शारदा पारा तालाब में सैकड़ों की संख्या में मछलियों की मौत होने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, तालाब में नालियों का गंदा पानी मिलने और पानी की गुणवत्ता खराब होने से यह स्थिति बनी है, जिसके बाद इलाके में गंभीर बीमारी और संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। तालाब में भारी संख्या में मछलियां मृत अवस्था में पाई गई हैं, जो जल प्रदूषण के गंभीर स्तर को दर्शाती हैं। रहवासियों का आरोप है कि आसपास की दो बड़ी नालियों का दूषित पानी सीधे तालाब में गिर रहा है, जिससे जलीय जीवों का दम घुट रहा है। इस दूषित पानी के सड़ने और बदबू के कारण स्थानीय लोगों को हैजा और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की चिंता सता रही है। तालाब की सफाई और नालियों के पानी को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा त्वरित कदम उठाने की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा की गई।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन में जिला सचिव बने तिवारी

**पाटन।** छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन की बैठक में सर्वसम्मति से लक्ष्मीकांत तिवारी को नया जिला सचिव नियुक्त किया गया। उनकी इस नियुक्ति से जिले के शिक्षकों में हर्ष है।



छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश चटर्जी , दुर्ग जिलाध्यक्ष चंचल द्विवेदी, विकासखंड पाटन अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा आदि ने बधाई दी है।

## चौथे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया सर्वे, नहीं मिला नया मरीज

# सेक्टर 7 में पीलिया को काबू में करने की कवायद तेज, बिछेगी नई पाइपलाइन

## नगर निगम ने ली पानी की सैंपलिंग व प्रभावित 15 घरों में चिपकाए स्टीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर 7 में पीलिया के प्रकोप को रोकने के लिए प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन सजग हो गये हैं। वहीं पार्षद के साथ क्षेत्रवासियों ने भी समस्या के स्थाई निदान के लिए दबाव बनाना तेज कर दिया है। नगर निगम द्वारा भी घरों का सर्वे किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज तीसरे दिन भी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर घरों का सर्वे किया गया। इस दौरान कोई नया मरीज नहीं पाया जाने और स्थिति नियंत्रण में होना बताया गया। घरों में दूषित पानी की सप्लाई की समस्या के निदान के लिए बीएसपी द्वारा भी पुरानी पेयजल व सीवेज पाइप लाइन बदलने के लिए पार्षद के साथ चर्चा कर आश्वस्त किया गया।

सेक्टर 7 वार्ड 67 के करीब दर्जनभर क्रास स्ट्रीट एरिया में पीलिया फैलने से क्षेत्रवासियों में चिंता व भय का माहौल था। क्षेत्र में पु पुराने और नए दर्जनभर पीलिया के मरीज पाए जाने की शिकायत की गई थी। पार्षद लक्ष्मीपति राजू और वार्ड 68 के पार्षद साहू के साथ क्षेत्रवासियों ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक एबी श्री निवास से मिलकर दूषित पानी की सप्लाई से पीलिया फैलने की वजह बताते हुए पुरानी पुरानी पेयजल पाइप लाइन बदलने की मांग की थी। सीजीएम ने सर्वे कर नई पाइप लाइन बिछाने की आश्वासन दिया था।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सर्वे व मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शिविर लगाकर तीन दिनों तक जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आज गुरुवार को भी प्रभावित क्षेत्र सेक्टर 7 वार्ड 67 क्रास स्ट्रीट 31,41,42 व 43 में भ्रमण कर जांच की गई। लोगों को ओआरएस व क्लोरीन टेबलेट वितरित किया गया। दावा किया गया कि भ्रमण के दौरान आज पीलिया का कोई नया मरीज नहीं मिला। लोगों सफाई के साथ पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम की टीम ने भी घरो का सर्वे कर टेस्ट के लिए पानी की सैंपलिंग ली। वार्ड पार्षद व लक्ष्मीपति राजू के साथ टीम ने प्रभावितों के घरों का सर्वे के साथ नलों के पानी का भी सैंपल लिया। घरों में स्टीकर भी लगवाए। पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि 15 घर में स्टीकर चिपकाए गए। पानी की जांच के लिए नमूने भी लिए गए। स्थिति अब पहले से कंट्रोल में है। लेकिन गंदा पानी आने की समस्या बनी हुई है। वार्ड 68 के पार्षद साहू ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से दोनों वार्डों में किसी न किसी क्षेत्र में पीलिया के मरीज मिल ही रहे हैं। कई घरों के नलों में गंदा व बदबूदार पानी आता है।

### खास बातें

- वार्ड 67 में बीएसपी ने की नई पाइप लाइन बिछाने की तैयारी
- निगम के कर्मियों के साथ पार्षद पहुंचे घर-घर



### बारिश में बढ़ेगी समस्या

क्षेत्रवासियों ने बताया कि बार बार पीलिया की बीमारी फैल रही है। इसका स्थाई समाधान यही है कि दोनों वार्डों की सभी पुरानी पेयजल व सीवेज पाइप लाइनों को बदलकर नई लाइन बिछाई जाए। क्योंकि अधिकतर घरों में प्रदूषित पानी नलों में आ रहा है। कुछ घरों में तो नल से केंचुए व कीड़ भी निकल रहे हैं। बरसात का मौसम बिल्कुल करीब है। हफ्तेभर में मानसून आ जाएगा। यदि इस दौरान पाइप लाइनें नहीं बदली गईं तो पीलिया की समस्या फिर बढ़ जाएगी। मेंटेनेंस कार्य में भी दिक्कत आएगी।

### कई घरों में आ रहा गंदा व बदबूदार पानी

सेक्टर 7 वार्ड 67 के प्रभावित क्षेत्र में क्वार्टरों में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत के बाद बीएसपी द्वारा पुरानी पेयजल और सीवेज पाइप लाइन बदलने की कवायद शुरु कर दी गई है। सीजीएम ने शुक्रवार को क्षेत्रवासियों को जांच और नई पाइप लाइन बिछाने का आश्वासन दिया था। क्षेत्रवासियों ने बताया था कि घरों में गंदे बदबूदार प्रदूषित पानी की सप्लाई से ही बार बार पीलिया फैल रहा है। पुरानी पेयजल व सीवेज पाइप लाइन के जर्जर होने से नलों में गंदा पानी आ रहा है। शिकायत बाद बीएसपी की टीम ने क्षेत्र का दौरा कर अवलोकन किया। पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि सीजीएम ने सर्वे होने के बाद पाइप लाइन बदलने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। पिछली बार सड़क 30 में पीलिया फैलने के बाद नई पाइप लाइन बिछान के बाद राहत मिली थी।

# अंबेडकर भवन में लाखों की चोरी की शिकायत कलेक्टर से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम के वार्ड 9 स्थित आंबेडकर भवन में हुए चोरी की मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है। कलेक्टर से इस मामले में सीधे हस्तक्षेप कर एफआईआर दर्ज कराने और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही दोषी अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई करने किया आग्रह किया। कलेक्टर को आम आदमी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह और चरोदा भिलाई लोकसभा उपाध्यक्ष पंकज तिवारी ने शिकायत पत्र सौंपा है।

- चोरों को संरक्षण देने और भ्रष्टाचार को दबाने का लगाया आरोप
- आम आदमी पार्टी ने भिलाई-चरोदा निगम के दोषी अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई करने किया आग्रह

कलेक्टर को शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में लगभग 2.20 करोड़ रुपए की भारी-भरकम लागत से आम जनता की गाढ़ी कमाई से आंबेडकर भवन का निर्माण कराया गया था। भवन उद्घाटन के बाद देखरेख के अभाव में लगातार चोरियां होती रही। वर्तमान में यहाँ से जनता के पैसे से खरीदा गया लगभग 20 लाख का सरकारी सामान जैसे 64 पंखे, 172 ट्यूबलाइट, 224 बल्ब, खिड़की-दरवाजे और अन्य विद्युत उपकरण चोरी हो चुका है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है कि नगर निगम द्वारा गठित आंतरिक जांच दल ने महीनों पहले अपनी रिपोर्ट आयुक्त को सौंप दी थी। इसके बावजूद निगम प्रशासन आज तक स्थानीय थाने में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। अधिकारियों की यह रहस्यमयी चुप्पी सीधे तौर पर चोरों को संरक्षण देने और भ्रष्टाचार को दबाने की साठगांठ की ओर इशारा करती है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में पकंज तिवारी, हरचरण, धर्मेंद्र चौधरी, रामपाल, जसप्रीत सिंह, मनीष, सोनू, शिवा, देवेंद्र आदि शामिल थे। पकंज तिवारी ने कहा कि इतने बड़े नुकसान के बाद भी एफआईआर दर्ज न कराना एक बड़े घोटाले का संकेत है। क्या वास्तव में 20 लाख का सामान कभी उस भवन में लगाया भी गया था या सिर्फ कागजों पर फर्जी खरीदी दिखाकर जनता के पैसों का गबन किया गया है। अब चोरी का बहाना बनाकर अपनी चमड़ी बचाने की कोशिश की जा रही है।

# मोदी सरकार के 12 साल उपलब्धियों से भरेः देवेंद्र

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के तहत विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षीय कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा है। जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, नल-जल योजना सहित कई योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य किए हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदना तथा अन्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बीमा, सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। युवाओं के लिए कौशल विकास, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है। देश आर्थिक प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। साथ ही सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# एक तरफ प्लास्टिकमुक्त छत्तीसगढ़, दूसरी तरफ प्लास्टिक बोतल में शराब की बिक्री

**डौंडीलोहारा।** पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर धनगांव निवासी समाजसेवी तोषण चुरेन्द्र 'दिनकर' ने सवाल उठाते हुए कहा है कि एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी व्यवस्था के माध्यम से प्लास्टिक बोतलों में शराब की बिक्री जारी है। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की नीति और व्यवहार के बीच का विरोधाभास बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में पर्यावरण सुधार के लक्ष्य को हासिल करना कठिन होगा।

तोषण चुरेन्द्र के अनुसार सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं तथा लोगों को कपड़े के थैले उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन शराब बिक्री में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक का उपयोग कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक की बोतलें उपयोग के बाद अक्सर सड़क, नालों, नदियों और खेतों में फेंक दीं जाती हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और पशु-पक्षियों को भी नुकसान पहुंचता है। जब आम जनता के लिए प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है और दूसरी ओर सरकारी माध्यम से इसका व्यापक उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य प्राप्त करना चाहती है, तो शराब बिक्री में कांच की बोतलों, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री अथवा डिपॉजिट सिस्टम जैसी पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाओं को लागू किया जाना चाहिए। इससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

## पेज 11 के शेष

### महिलाओं की भागीदारी...

प्रक्रिया में उनकी भूमिका तथा उनके साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं लैंगिक भेदभाव से संबंधित विषयों पर विशेष रूप से जानकारी संकलित की गई। चैतन्य संस्था की ओर से जिला समन्वयक शेषपाल साहू द्वारा अध्ययन का समन्वय किया गया। फील्ड स्तर पर प्रशिक्षण सहयोगी मोहित, प्रीतिबाला, खुशबू एवं भुनेश्वरी ने सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान किया। अध्ययन को सफल बनाने में जिला पंचायत बालोद, एनआरएलएम टीम, जनपद पंचायत से बीपीएम, पीआरपी, जीएमटी सक्रिय महिलाएं, सामुदायिक कैडर, ग्राम संगठन (ट०) पदाधिकारी, स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं पंचायत प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष महिलाओं की सामाजिक स्थिति, समुदाय में उनकी भागीदारी तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने हेतु भविष्य में किए जाने वाले प्रयासों एवं कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेंगे। चैतन्य संस्था, बालोद एवं एनआरएलएम ने सर्वेक्षण कार्य में सहयोग देने वाले सभी ग्रामीणों, समुदाय प्रतिनिधियों एवं महिला समूहों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### नेता प्रतिपक्ष डा. महंत...

बहुमूल्य सुझावों के आधार पर आगामी चुनावों में पूरी एकजुटता के साथ पारिवारिक माहौल में कार्य करने का आव्हान किया। तत्पश्चात विधायक कार्यालय अर्जुन्दा मे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झीरम मे शहीद हुए विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अजुंर्दा जीवन बंदे, गुण्डरदेही कचरू राम साहू, देवरी संजू चौधरी, राजेश बाफना, प्रदेश प्रतिनिधि कोदूराम दिल्लीवार, अनुभव शर्मा, राजू पारख, अध्यक्ष सरपंच संघ बालोद क्रांति भूषण साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य ललिता भूआर्य, आसिफ गहलोत, जिला महामंत्री भोजराज साहू, रिजवान तिगाला, उस्मान रजा सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट परिसर में...

रैली जुलूस, धरना, प्रदर्शन, हड़ताल आदि के उद्देश्य से बिना अनुमति के एकत्रित होंगे, पर लागू रहेगा तथा जारी किए जाने की तिथि 12 जून से आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।


# पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में समर कैंप का समापन

**डौंडीलोहारा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का समापन 11 जून को उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगाराम निषाद, पंचायत प्रतिनिधि वीरेंद्र निरोटी एवं तोमन सिंह लाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानपाठक वीणा ठाकुर ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक क्षमता, शारीरिक दक्षता एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को विकसित करना था। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन आयोजित विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने के प्रति रुचि, आत्मविश्वास एवं नवाचार की भावना का विकास हुआ है। समर कैंप के दौरान योग, प्राणायाम, ध्यान, संगीत, नृत्य, चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, पौधारोपण, मटका एवं कलश सज्जा, मेहंदी डिजाइन, मिट्टी कला तथा विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रत्येक गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् वीरेंद्र निरोटी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अवकाश के समय में समर कैंप में भाग लेकर बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को भी निखार रहे हैं, जो अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।




*उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को दिया मोमेंटोः कार्यक्रम के अंत में समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल दिल्लीवार ने किया। उपस्थित अतिथियों, पालकों एवं शिक्षकों ने समर कैंप की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के बहुत अच्छी पहल बताया। दस दिवसीय समर कैंप में शाला की शिक्षिका बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी, योग शिक्षिका दिव्याभारती संगीत शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू का विशेष योगदान रहा है।*







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मांगूर व बींग हेड मछली के पालन-बिक्री पर प्रतिबंध

**बालोद।** भारत शासन द्वारा अधिसुचित एक्जोटिक मांगूर (क्लेरियस गेरिपिनियस) तथा बींग हेड (हाइपोप्थेलमिक्थीस नोबीलीस) के पालन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा भी छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 2015 से जारी अधिसूचना के अंतर्गत प्रदेश में उक्त प्रजाति की मछलीयों के पालन, संर्वधन, आयात, निर्यात, विक्रय, परिवहन तथा विपणन के लिए 'प्रतिषिद्ध मत्स्य' घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैधानिक रूप से प्रतिबंधित मछलीयों के पाए जाने पर छत्तीसगढ राजपत्र (असाधरण) में 01 जनवरी 2026 को प्रकाशित छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) अधिनियम, 2025 के अनुसूची 04 अनुसार, छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1948 की धारा 05 के तहत 25 हजार रुपए तक की शास्ति से दंडित किये जाने तथा पाली गई मछलीयों के मत्स्यबीज एवं भंडारण को तत्काल नष्ट करने का प्रावधान है।

### पीएम आवास योजना पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**बालोद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के स्वीकृति उपरांत निरस्त प्रकरणों पर दावा आपत्ति आमंत्रित की गई है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि गुण्डरदेही विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–26 तक के स्वी—ति उपरांत निरस्त 502 आवासों एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के स्वी—ति उपरांत निरस्त 36 आवास के हितग्राहियों की सूची सहित कुल 538 हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त सूची के संबंध में हितग्राही 19 जून 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने ग्राम पंचायत में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह बालोद विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–26 तक के स्वी—ति उपरांत निरस्त 121 आवासों एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के स्वी—ति उपरांत 06 आवास के हितग्राहियों की सूची सहित कुल 127 हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त सूची के संबंध में हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने ग्राम पंचायत में 22 जून तक दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा–आपत्तियों पर विचार नही किया जाएगा।

### पिपरछेड़ी में जनहित में प्याउ का संचालन



**बालोद।** गर्मी के दिनों में राहगीरों को ठंडे पानी पिलाने के उद्देश्य के साथ पिछले दो माह से समाजसेवी जागेश्वर प्रसाद के माध्यम से नेहरू चौंक ग्राम पिपरछेड़ी में प्याऊ घर का संचालन किया गया है। जहां भीषण गर्मी में राह चलते राहगीरों को कहीं भी ठंडा पानी नही मिल पाता इसलिए इस पहल को किया गया हैं। वहीं समाजसेवी जागेश्वर प्रसाद ने आने वाले समय में घुमंतु गायों के लिए भी इसी प्रकार गर्मी के दिनों में पानी की व्यवस्था की बात कही है।

## निधन

### श्याम सुंदर भूतड़ा

**गुण्डरदेही।** ग्राम चंदनबिरही हाल निवास गुण्डरदेही निवासी श्याम सुंदर भूतड़ा का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 13 जून सुबह 9 बजे चंदनबिरही मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संजु एवं हरीश भुतड़ा के पिता थे और रमेश, सुरेश, प्रकाश, चतुर्भुज, भूतड़ा के बड़े भाई थे।



# जर्जर भवन में संचालित हो रहा उप स्वास्थ्य केन्द्र, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

दुर्ग जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के अंतर्गत आने वाला उप स्वास्थ्य केन्द्र अण्डा इन दिनों अत्यंत जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। भवन की स्थिति ऐसी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के बाथरूम के पास, कार्यालय कक्ष तथा स्टोर रूम की छत कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। छत का सीमेंट उखड़कर गिर रहा है तथा लोहे की छड़ें भी बाहर दिखाई दे रही हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक चिंताजनक हो सकती है। उप स्वास्थ्य केन्द्र अण्डा में प्रसूति सेवाएं भी संचालित होती हैं और यहां डिलीवरी के लिए मरीज भर्ती होते हैं। ऐसे में मरीजों एवं उनके परिजनों को लगातार भय बना रहता है कि कहीं छत का कोई हिस्सा अचानक गिर न जाए। विशेष रूप से बाथरूम क्षेत्र में छत की खराब स्थिति के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## छत कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त, सीमेंट उखड़कर गिर रही



### भवन की तत्काल कराई जाए मरम्मत

सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी लगभग एक माह पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के खण्ड चिकित्सा अधिकारी बेलचन्दन को दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। इस संबंध में हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, कलेक्टर दुर्ग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग से उप स्वास्थ्य केन्द्र अण्डा के भवन की तत्काल मरम्मत कराने एवं नए भवन के निर्माण की मांग की है। क्षेत्र के नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मामले का शीघ्र संज्ञान लिया जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से पहले आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।




## भेड़िया नवागांव में टावर गिरने से कई पेड़ धराशायी, ग्रामीण दहशत में

# आंधी से 131 फीट ऊंचा बीएसएनएल टावर ढेर

**तूफान में दर्जनभर से अधिक पेड़ उखड़ गए और कई बिजली पोल क्षतिग्रस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में तेज आंधी तुफान के साथ हुए पहले बारिश में बीएसएनएल का एक टॉवर तेज आंधी के चपेट में जमीदोज हो गया। आंधी तुफान में टॉवर के जमीदोज होने के दौरान 131 फीट लोहे का टॉवर के नीचे आकर कई पेड़ टूट गए।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भेड़िया नवागांव के पास स्थित बीएसएनएल का 131 फीट ऊंचा लोहे का टॉवर टूटकर खेत में गिर गया। टॉवर गिरने की तेज आवाज से आस पास के ग्रामीण दहशत में आ गए। गनीमत रही कि टॉवर आबादी से दूर खेत में गिरा, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार टॉवर करीब 10 साल पुराना था। टॉवर ध्वस्त होने से भेड़िया नवागांव, अंगारी और बिरेतरा क्षेत्र में बीएसएनएल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे संचार सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणो ने बताया तेज हवाओं के कारण कई मकानों के टीन–छप्पर उड़ गए, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं कई स्थानों पर बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे अंगारी रोड, बोड़की और निपानी रोड क्षेत्र के करीब 15 गांवों में अंधेरा छा गया। तूफान में दर्जनभर से अधिक पेड़ उखड़ गए और कई बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली विभाग की टीम मरम्मत कार्य में जुटी हुई है।

इस बीच कई गांवों में अगले दिन तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली बंद रहने से लोगों को गर्मी के साथ–साथ पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर फॉल्ट सुधार नहीं होने के कारण उन्हें रातभर परेशानियों से गुजरना पड़ा।



# विशेष जनसंपर्क अभियान में प्रबुद्धजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरी

- पीएम मोदी के 12 वर्ष के पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रम
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास और जनकल्याण के नए आयाम कर रहा स्थापित : वैष्णव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत देवरी शक्तिकेंद्र के आश्रित ग्राम पसौद में प्रबुद्धजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सम्मानित प्रबुद्धजन लखन लाल डेहरे का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में समाज के प्रबुद्ध एवं अनुभवी नागरिकों का सम्मान कर उनके योगदान को स्मरण किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के सभी वर्गों से निरंतर संवाद बनाए रखने का संकल्प लिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति प्रभा राम नायक, जनपद सदस्य एवं सभापति दुलारी देवांगन, जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कोषाध्यक्ष पोषण देवांगन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष संतराम तारम, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, अजय देवांगन सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अर्जुनी के नवीन तालाब में भाजपा मंडल ओटेबंद ने किया पौधारोपण



**अंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम अर्जुनी स्थित नवीन तालाब परिसर में भाजपा मंडल ओटेबंद द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। अवसर पर मंडल प्रभारी पवन सोनवर्षा, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य एवं उपाध्यक्ष कौशल किशोर साहू, हेमलता देशलहरा, उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, जनपद सदस्य संध्या खरे, गुलशन हिरवानी, जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष थान सिंह मंडावी, ग्राम सरपंच हेमंत साहू, भूपेंद्र देवांगन, पुखराज निर्मलकर, राहुल शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण छोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# हीराराम की नैनो तकनीक की खेती किसानों के लिए मिसाल

**बालोद।** खेती–किसानी के क्षेत्र में अब बालोद जिले के किसान भी पारंपरिक तौर–तरीकों को छोड़कर आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीकों की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम कोडेकसा के प्रगतिशील किसान हीराराम चुरगियां कृषि विभाग के मार्गदर्शन में नैनो तकनीक को अपनाकर क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं।



ग्राम कोडेकसा के रहने वाले किसान हीराराम चुरगियां अपने गाँव में लगभग 05 एकड़ की भूमि पर खेती का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले 04 से 05 सालों से अपने खेतों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का लगातार उपयोग कर रहे हैं। कृषि विभाग से मिले मार्गदर्शन के बाद उन्होंने इस आधुनिक उर्वरक को अपनाया, जिसके बाद से उनकी खेती में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। अपने अनुभव साझा करते हुए हीराराम ने बताया कि पारंपरिक दानेदार यूरिया की तुलना में नैनो यूरिया (तरल) के परिणाम बेहद शानदार रहे हैं। इसके उपयोग से लागत में कमी आई है, भारी–भरकम बोरियों को ढोने और उनके प्रबंधन के खर्च से मुक्ति मिली है। फसल की सेहत सुधरी है, धान की फसल हमेशा हरी–भरे रूप में लहलहाती रहती है। फसलों की गुणवत्ता और कुल उत्पादन में पहले से काफी सुधार हुआ है। फसलों में लगने वाले कीड़ों और अन्य बीमारियों का प्रकोप भी अब बेहद कम देखने को मिलता है। नैनो उर्वरक के चमत्कारी फायदों को देखने के बाद अब कोडेकसा की सहकारी समिति और आस–पास के क्षेत्रें में भी इसका चलन तेजी से बढ़ रहा है। किसान हीराराम चुरगिया ने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे पारंपरिक रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करें और कृषि विभाग की सलाह पर नैनो यूरिया व नैनो डीएपी जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, ताकि कम लागत में बेहतर मुनाफा कमाया जा सके।

# मोदी सरकार की सफलता पर जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी 14 तक



**बालोद।** देश में मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय बालोद के परिसर में स्थित पुराना टाउन हॉल में 12 से 14 जून तक 03 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राकेश यादव छोटू, प्रेम साहू, कमल पंपालिया, बलराम गुप्ता सहित पार्षद गोमती रात्रे, गोकुल ठाकुर, प्रीतम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आज सुबह फीता काटकर इस तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर एसडीएम नूतन कंवर, जन संपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस दौरान राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, राकेश यादव छोटू, प्रेम साहू, कमल पंपालिया सहित पार्षद गोमती रात्रे, गोकुल ठाकुर, प्रीतम यादव एवं कांति साहू के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम नूतन कंवर तथा अन्य अधिकारी–कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी भूरी–भूरी सराहना की।

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी के अंतर्गत छायाचित्र एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देश में मोदी सरकार के 12 वर्षों् के सफलतम कार्यकाल के दौरान सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए जा रहे लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत संकल्प आदि की सजीव प्रस्तुतिकरण किया जा रहा है। इस दौरान आगन्तुकों को जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'जनमन' का भी वितरण किया जा रहा है।

## लोगों को ईश्वरीय ज्ञान, आध्यात्मिक मूल्यों एवं राजयोग की दे रहे शिक्षा

# ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केन्द्र ने मनाया 20वां स्थापना दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- विशेष ज्ञान एवं योग सत्र का किया गया आयोजन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र में स्थापना दिवस हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने बताया कि डौण्डीलोहारा सेवा केन्द्र की स्थापना जून 2006 में हुई थी। पिछले 20 वर्षों से सेवा केन्द्र के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को ईश्वरीय ज्ञान, आध्यात्मिक मूल्यों एवं राजयोग की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही समय-समय पर विभिन्न आध्यात्मिक, सामाजिक एवं नैतिक जागरुकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष ज्ञान एवं योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने आध्यात्मिक चिंतन और ध्यान का लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान परमपिता परमात्मा को भोग अर्पित किया गया तथा स्थापना दिवस की खुशी में केक काटकर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

*सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। संस्था से जुड़े बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सेवा केन्द्र की 20 वर्षों की आध्यात्मिक यात्रा और समाज में किए गए योगदान को भी याद किया गया। अंत में सभी ने सेवा केन्द्र की निरंतर प्रगति एवं क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरुकता के विस्तार का संकल्प लिया।*

### ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन 14 को

बालोद। आयुष मंत्रलय, भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के गरिमामयी अवसर पर देश के समस्त राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 हेतु 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' की थीम निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत 14 जून को सुबह 06.15 बजे से 07.35 बजे तक एक ऑनलाईन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस सत्र के माध्यम से देश भर से अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को ऑनलाईन माध्यम से एक साथ जोड़कर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करने टोल फ्री नंबर 1800–315–7008 जारी किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज